ग्वालियर | शनिवार | 25 अक्टूबर 2025 | वर्ष 31 | अंक 69 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत




## एक नजर में



### पन्ना में दो लोगों की किस्मत चमकी

**पन्ना.** रत्नगर्भा नगरी पन्ना में फिर से दो लोगों की किस्मत चमक गई। दो लोगों को कुल 4 नग हीरे मिले. हीरा कार्यालय में हीरा जमा किए गए हैं. हीरा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पहला हीरा 1.38 कैरेट का सुरेश कोरी निवासी बीटीआई के पास जगातचौंकी को मिला है, जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख आंकी जा रही है। वहीं पटी खदान में ही महादेव प्रजापति पिता मोहन प्रजापति निवासी बेनीसागर को 3 नग हीरे मिले, जिनका वजन 2.58, 2.75 एवं 3.09 कैरेट वजन के बताए गए है, जिनकी बाजारू अनुमानित कीमत 15 लाख बताई जा रही है। दोनों घरों में खुशी का महौल देखा जा रहा है।

### जुबीन केस: सिंगापुर पुलिस 10 दिन में देगी सबूत

**नई दिल्ली.** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में जांच कर रही असम पुलिस की विशेष जांच टीम ने बताया कि सिंगापुर पुलिस अगले 10 दिनों में अहम सबूत भारत को सौंपेगी. इसमें सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयान शामिल हैं. सिंगापुर पुलिस भी अपनी तरफ से अलग जांच कर रही है. भारत सरकार ने इस मामले की जांच में मदद के लिए सिंगापुर से आधिकारिक तौर पर सहयोग मांगा है. वहीं, असम सीआईडी के विशेष डीजीपी मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने बताया कि दोनों देशों की जांच एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं. अब तक 70 से ज्यादा लोगों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं.

### ट्रंप ने कनाडा के साथ बंद की सभी व्यापार वार्ताएं

**ओटावा.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह ओंटारियो सरकार के एक विज्ञापन को लेकर कनाडा के साथ सभी व्यापार वार्ताएं समाप्त कर रहे हैं, जिसमें दिवंगत अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के शब्दों का इस्तेमाल करके अमेरिकी दर्शकों को टैरिफ-विरोधी संदेश दिया गया है. ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में उस विज्ञापन पर हमला किया, जिसका श्रेय उन्होंने ओंटारियो के बजाय कनाडा को दिया था और इसे धोखाधड़ी तथा फर्जी बताया.

### जनसेवा एक्सप्रेस में लगी आग

**सहरसा.** अमृतसर से सहरसा आ रही जनसेवा एक्प्रेस एक बोगी में आग लग गई. सोनवर्षा कचहरी स्टेशन के समीप यह घटना हुई. आग पर काबू पाया गया. इस घटना में अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है. मौके पर रेल प्रशासन मौजूद है.

## गुस्ताखी माफ




# एनडीए सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ेगा

## बिहार के समस्तीपुर से प्रधानमंत्री ने की चुनाव अभियान की शुरुआत

**समस्तीपुर, 24 अक्टूबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार में अपने चुनाव अभियान की शुरुआत की. पीएम समस्तीपुर जिले में स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर के पैतृक ग्राम पहुंचे और कर्पूरी ठाकुर को प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. इसके बाद पीएम ने कर्पूरी ठाकुर के परिवारजनों से मुलाकात की.**

सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने मिथिला की पावन धरती को प्रणाम किया और कहा कि इस भीड़ को देख कर अभिभूत हैं. उन्होंने कहा कि दीवाली के दो दिन बाद इतनी भीड़ वह गुजरात में भी नहीं जुटा पाए थे. उन्होंने कहा कि भीड़ देख कर उन्हें महसूस हो रहा है कि राजग की कितनी प्रचंड जीत होने वाली है. उन्होंने उपस्थित जनता और बिहारवासियों को छठ पूजा की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और कहा कि पर्व के समय लोगो को जीएसटी में घटी हुई दरों से खरीदारी का आनंद मिल रहा होगा. प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए इस बार नीतीश कुमार के नेतृत्व में जीत के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ देगा. उन्होंने इस अवसर पर सभी मतदाताओ से आग्रह किया कि बिहार में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने और प्रदेश को विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करें. उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने जननायक की उपेक्षा की, लेकिन उनकी सरकार को उन्हें भारत रत्न देने का सौभाग्य मिला.



### मैं बिहार की समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं

राष्ट्रीय जनता दल के जंगल-राज पर हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने जंगल राज को सुशासन में बदल दिया और अब समय आ गया है कि सुशासन को पूरे बिहार में समृद्धि में बदला जाए. मैं बिहार की समृद्धि के लिए आपका आशीर्वाद मांगने आया हूं. यह अक्टूबर 2005 का महीना था, जब आपने बिहार को जंगल राज से मुक्त कराया और सुशासन को चुना.

## पीएम मोदी ने रोजगार मेले में सौंपे 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली 24 अक्टूबर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 17वें रोजगार मेले में नवनियुक्त युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे. इस दौरान उन्होंने कहा कि युवाओं का सशक्तिकरण भाजपा और एनडीए सरकार की प्राथमिकता है.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्सवों के बीच पक्की नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र मिलना यानी उत्सवों का उल्लास और सफलता की डबल खुशी. ये खुशी आज देश के 51 हजार से अधिक युवाओं को मिली है. मैं महसूस कर सकता हूं कि सभी के परिवार में कितना आनंद होगा. मैं सभी को और उनके परिवारजनों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं.

नवनियुक्त युवाओं से प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आपको सिर्फ सरकारी नियुक्ति नहीं मिली है, आपको राष्ट्र सेवा में सक्रिय योगदान देने का अवसर मिला है. मुझे विश्वास है कि आप इसी भावना से काम करेंगे. ईमानदारी और सुचिता के साथ आप भविष्य के भारत के लिए बेहतर व्यवस्थाएं बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार के लिए 'नागरिक देवो भव:' ये मंत्र है. सेवाभाव और समर्पण भाव से हर नागरिक के जीवन में हम उपयोगी कैसे हों, ये कभी भूलना नहीं है. पिछले 11 सालों से देश विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है और इसमें सबसे बड़ी भूमिका हमारे युवाओं की है. उन्होंने यह भी कहा कि आज भारत दुनिया का सबसे युवा राष्ट्र है.



भारत के विज्ञापन क्षेत्र की महान शख्सियत को श्रद्धांजलि!



# आंध्र प्रदेश में बस में आग से 20 की मौत

**कुरनूल, 24 अक्टूबर (वार्ता) आंध्र प्रदेश में कुरनूल जिले के कल्लूरुमंडल के चिन्नातेकुर गांव में शुक्रवार तड़के सड़क दुर्घटना में एक निजी यात्री बस में आग लग जाने से 20 यात्रियों की मौत हो गयी. पुलिस ने बताया कि बस में 38 यात्री सवार थे. बस हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही थी.**

उन्होंने बताया कि बस ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे बस का तेल टैंक क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 यात्री जिंदा जल गए और 11 शवों की पहचान हो गई है. ज्यादातर शव इतने जल गए थे कि उनकी पहचान करना मुश्किल था. हालांकि बाकी यात्री सुरक्षित बच गए. उन्होंने बताया कि यह हादसा सुबह 3:30 से चार बजे के बीच हुआ. सभी शवों को बस से निकाल लिया गया है और अधिकारी मृतकों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं. कुछ घायलों को कुनरूल के जीजीएच में भर्ती कराया गया. मृतकों में बाइक सवार भी शामिल है. जिला कलेक्टर, पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने घटना स्थल का मुआयना किया. मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है.



### प्रधानमंत्री ने किया मुआवजे का ऐलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मृतकों के परिवारों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए की मदद का ऐलान किया. उन्होंने कहा कि वे हादसे से दुखी हैं और घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं.

## 112 दवाइयां क्वालिटी चेक में फेल

**नई दिल्ली 24 अक्टूबर.** देश में दवाइयों की क्वालिटी की जांच की गई. इसकी रिपोर्ट स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी की है.

सितंबर 2025 में की गई जांच में 112 दवाओं के सैंपल्स क्वालिटी टेस्ट में फेल पाए गए। इसका मतलब है कि ये दवाइयां मरीजों को ठीक करने के बजाय उन्हें नुकसान पहुंचा सकती हैं। इन 112 सैंपल्स में से 52 की जांच सेंट्रल ड्रग्स लैब ने की, जबकि 60 सैंपल्स को स्टेट लैब्स ने नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी यानी मानक क्वालिटी से कम पाया। वहीं, छत्तीसगढ़ में एक दवा का सैंपल नकली भी मिला।

# आईएसआईएस मॉड्यूल के दो आतंकी गिरफ्तार

- मप्र के भोपाल और दिल्ली में हुई कार्रवाई
- दोनों ने धमाके की साजिश रची थी साजिश

**भोपाल. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आईएसआईएस मॉड्यूल के दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है. इसमें से एक की गिरफ्तारी मध्य प्रदेश के भोपाल और दूसरे की गिरफ्तारी दिल्ली से हुई है.**

जानकारी के मुताबिक ये दोनों ही दिल्ली में एक बड़ा धमाका करने की साजिश रच रहे थे. सबसे भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र इनके टारगेट पर थे. दोनों के पास से बम का टाइमर सेट करने के लिए घड़ी, लैपटाप में बम बनाने के वीडियो मिले है. इसी के साथ आईएसआईएस का झंडा, उसकी ड्रेस भी मिली है. इसके साथ ही एक स्थान की फोटो भी मिली है, जहां पर ये धमाका करने की तैयारी में थे. अदनान उर्फ अबु मुहारिफ उम्र 20 साल को दिल्ली से और अदनान खान उर्फ अबु मोहम्मद 21 साल को भोपाल से पकड़ा है. भोपाल के अदनान को यूपी एटीएस पहले भी पकड़ चुकी है, उसने 2024 में ज्ञानवापी मामले की सुनवाई कर रहे जज को मारने की धमकी दी थी.

# धर्मांतरण विरोधी कानून पर उठाए सवाल

- कोर्ट ने निजी स्वतंत्रता पर चिंता जताई
- पांच मामलों में एफआईआर रद्द करने के आदेश

**नई दिल्ली 24 अक्टूबर. सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के धर्मांतरण विरोधी कानून (2021) पर कई गंभीर सवाल उठाए हैं. कोर्ट ने कहा कि जो व्यक्ति अपनी इच्छा से धर्म परिवर्तन कराना चाहता है, उसे बहुत ही कठिन प्रक्रिया से होकर गुजरना पड़ता है. साथ ही कोर्ट ने पाया कि इस कानून से किसी व्यक्ति के निजी मामलों में सरकारी दखल बढ़ जाता है.**



यह निजता के अधिकार का उल्लंघन है. इसके अलावा कोर्ट का मानना है कि यह संविधान की मूल धर्मनिरपेक्ष भावना के खिलाफ भी जा सकता है. दरअसल सुप्रीम कोर्ट जबरन धर्मांतरण से जुड़े मामलों की याचिका पर सुनवाई कर रहा था. इसमें छह अलग-अलग केस शामिल थे. कोर्ट ने इनमें से पांच मामलों में एफआईआर रद्द करने का आदेश दिया.

### सुको ने क्या कहा

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा कि वह कानून की वैधानिकता पर सुनवाई नहीं कर रहे हैं, लेकिन इसके कई प्रावधानों पर टिप्पणी करना जरूरी है. कोर्ट ने कहा कि कानून के तहत अगर यूपी में कोई व्यक्ति अपना धर्म परिवर्तन कराना चाहता है तो उसे जिला मजिस्ट्रेट को सूचना देनी होती है.

## पाकिस्तान को सबक सिखाएगा अफगानिस्तान

**काबुल 24 अक्टूबर.** भारत के बाद अब अफगानिस्तान भी पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी को रोकने के लिए डैम बनाने की तैयारी कर रहा है. अफगान सूचना मंत्रालय ने पोस्ट कर इसकी जानकारी दी. सूचना मंत्रालय ने बताया कि तालिबान के सर्वोच्च नेता मावलवी हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने कुनार नदी पर जल्द से जल्द बांध बनाने का आदेश दिया है. मंत्रालय के उपमंत्री मुहाजिर फराही ने बताया कि पानी और ऊर्जा मंत्रालय को घरेलू कंपनियों को ठेका देकर बांध निर्माण जल्दी शुरू करने को कहा गया है. विदेशी कंपनियों का इंतजार नहीं करना है.

# नाश्ते की दुकान पर तिरंगा झंडे से सफाई का वीडियो वायरल

नवभारत न्यूज

**मुरैना, 24 अक्टूबर।** राष्ट्र ध्वज तिरंगा झंडे से नाश्ते की दुकान पर काउंटर की साफ-सफाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह नाश्ते की दुकान जिला अस्पताल के पुराने भवन के मेनगेट के सामने स्थित बताई जा रही है।

**जिला अस्पताल के सामने स्थित नाश्ते की दुकान का बताया जा रहा वीडियो**

वायरल हो रहे वीडियो के अनुसार दुकान पर नाश्ता करने पहुंचें युवकों ने एक कर्मचारी को तिरंगा झंडे से काउंटर की सफाई करते हुए देखा तो आपत्ति जताई।



वीडियो में दिख रहा है कि तभी दुकान संचालिका महिला वहां पहुंचती है और कर्मचारी के हाथ से तिरंगा झंडे को छीनकर अलमारी में रख देती है।

वीडियो में दुकान संचालित गलती मानते हुए माफी मांगते हुए भी दिखाई दे रही है। बताया जा रहा है कि शहर के संजय कॉलोनी इलाके में रहने वाले कुछ युवक नाश्ता करने पहुंचें थे, तभी उन्होंने राष्ट्र ध्वज का उपयोग साफ-सफाई में होते हुए देखा तो भड़क गए।

युवकों ने घटना का वीडिया बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया, जो कुछ ही देर में वायरल हो गया। बताया जा रहा है कि युवकों द्वारा राष्ट्र ध्वज के अपमान की शिकायत कोतवाली पुलिस से भी की है।

**बिहार चुनाव** | पश्चिम चंपारण में जनसभा में गरजे सीएम डॉ. मोहन यादव

# भाजपा जनता के विश्वास के लिए करती है काम




**पश्चिम चंपारण 24 अक्टूबर. बिहार विधानसभा चुनाव में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों प्रचार में जुटे हैं. इस क्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को पश्चिम चंपारण के शेरा बाजार खेल मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, राहुल गांधी और कांग्रेस को डूब मरना चाहिए. वे विदेश में जाकर देश का अपमान करते हैं और सेना के पराक्रम पर सबूत मांगते हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जरिए भाजपा ने राष्ट्रपति मुर्मू को देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचाया. महादलित आयोग भाजपा ने बनाया. ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा पीएम मोदी ने दिया. मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे नेता को जिताइए जो देश की सुरक्षा और सम्मान के लिए हमेशा खड़ा रहता है. कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियां सिर्फ वादे करती हैं, जबकि भाजपा जनता के विश्वास और राष्ट्रहित के लिए काम करती है. केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार पुन: बनेगी. उन्होंने यह भी बताया कि 2005 से पहले बहुत से बच्चे और बच्चियां स्कूल नहीं जाते थे. नीतीश कुमार के नेतृत्व में शिक्षा प्रणाली में सुधार हुआ. आज मुख्यमंत्री की साइकिल योजना से बच्चे ट्रिन-ट्रिन करते हुए स्कूल जाते हैं, वहीं जनता को बेहतर सड़क और बिजली जैसी सुविधाएं भी मिली हैं.

# आज से चार दिनी छठ पूजा शुरू

**नई दिल्ली 24 अक्टूबर. हिंदू धर्म में छठ पूजा का विशेष महत्व है. यह व्रत हिंदू धर्म के सभी व्रतों में सबसे कठोर व्रतों में से एक माना जाता है. इस पर्व में भक्त सूर्य देव और छठी मईया की पूजा करते हैं. यह पर्व चार दिनों तक चलता है.**



बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल समेत देशभर में बड़े श्रद्धा भाव से छठ का पर्व मनाया जाता है. छठ व्रत की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें व्रती महिलाएं पूरे 36 घंटे तक निर्जला उपवास रखती हैं. वे बिना जल और अन्न ग्रहण किए सूर्य देव को दो बार अर्घ्य देती हैं. पहले डूबते सूर्य को फिर अगले दिन उगते सूर्य को. इसी के साथ यह व्रत पर्व पूर्ण होता है. इस बार छठ पर्व 25 अक्टूबर, शनिवार से शुरू होकर 28 अक्टूबर, मंगलवार तक चलेगा.